an>

Title: Issue regarding fraudulent practices in the name of religion.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय उपाध्यक्ष जी, यह देश संस्कृति और परम्पराओं का देश है और इस देश में लोगों की आस्था धर्म के प्रति है। इसके बावजूद भी इस देश में कुछ लोग जो स्वयंभू महामंडलेश्वर बन रहे हैं, किसी की शादी किसी मिठाई वाले से हो रही है और अगर उसकी मिठाई की दुकान में घाटा हुआ और वह दुबई की तरफ चला गया, पता लगा कि वह मुम्बई की तरफ स्वयं भू राधे मां का अवतार हो जाएं, इससे निश्चित तौर से देश की आम जनता के विश्वास और आस्था को ठेस पहुंच रही है। इस देश में लोगों को पहले साधु, संत और महात्मा कम से कम प्रभु का रास्ता दिखाते थे, एक अच्छी जीवन शैली को जीने का एक तौर-तरीका बतलाते थे, आज जिस तरीके से ये सारथी बाबा, बिंदु बाबा या महामंडलेश्वर या स्वयंभू राधे मां आ गयी हैं, इससे निश्चित तौर से लोगों के विश्वास और उनकी धर्म के प्रति आस्था को ठेस पहुंच रही है। ऐसे लोग जो स्वयं भगवान और देवी का अवतार बन जाएं और लोगों को ठगने का काम करें, देश में अपने आप दरबार लगाकर टी.वी. पर अपनी महिमा मंडित करने का काम करें और कुछ फिल्म इंडस्ट्री वाले, कॉरपोरेट हाउस या रियल एस्टेट के लोग महामंडलेश्वर बन जाएं, यह देश के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। इसलिए मैं आपके समक्ष मांग करता हूं कि उन लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Sudheer Gupta and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Jagdambika Pal.